Regarding need to establish a 50-bedded Ayush Hospital in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar- laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**) :** मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार राज्य, के दो जिलों सारण (छपरा) जिला एवं सिवान के छ: विधानसभा चुनाव क्षेत्रों को मिलाकर बना है । इन दोनों जिलों की जनसंख्या लगभग 65 लाख है । इतनी बड़ी आबादी की स्वास्थ्य समस्याओं को आये दिन मुझे क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में सुनने को मिलता रहता है । इसलिए जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण (छपरा) जिला के अंतर्गत जलालपुर, बनियापुर, एकमा एवं सिवान जिला के अंतर्गत महाराजगंज, लकड़ी नबीगंज के मदारपुर में से किन्हीं एक-एक स्थानों पर 50 बेड का आयुष अस्पताल स्थापित कराये जाने की आवश्यकता है ।

अत : भारत सरकार के आयुष मंत्री से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त स्थानों में से किसी भी स्थान पर 50 बेड का आयुष अस्पताल खुलवाया जाए ताकि हमारे देश की स्वदेशी चिकित्सा को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारे क्षेत्र की जनता को भी स्वदेशी विधि से अपनी चिकित्सा कराने का लाभ मिल सके ।